>

Title: Further discussion on resolution regarding free and compulsory education upto Higher Secondary Level in the Country moved by Shri Ram Kripal Yadav on the 31st August, 2007 (Discussion Not Concluded).

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : सभापति महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि आपने एक महत्वपूर्ण संकल्प पर बोलने की मुझे इजाजत दी है। हमारे देश को आजादी मिले 60 वर्ष हो गये हैं और 60 वर्ष के बाद भी हमारे देश में जो शिक्षा का स्तर है और शिक्षा की जो व्यवस्था है, वह उचित प्रतीत नहीं हो रही है। मुझे ऐसा एहसास हो रहा है कि जो संवैधानिक अधिकार हमें प्राप्त है, उस संवैधानिक अधिकार के अनुसार देश में जो शिक्षा की व्यस्था होनी चाहिए, समान और नि:शुल्क शिक्षा होनी चाहिए, शायद किसी हद तक वह पूरा नहीं हो सका है जिसके कारण आज देश में बड़े पैमाने पर अशिक्षा भी है और गरीबी भी है और ये सब एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। कई ऐसे प्रदेश हैं जो बहुत पिछड़े हैं और दुनिया के कई ऐसे देश हैं जिनसे हम खास तौर पर शिक्षा के मामले में बहुत पिछड़े हैं और पुरुष से ज्यादा महिलाएं अशिक्षित हैं। आजादी के बाद हमारे अनवरत प्रयास होते रहे हैं। शिक्षा हमारा एजेंडा रहा है कि हम लोगों को साक्षर और शिक्षित बनाएंगे। 60 वर्ष की आजादी के बाद हमारा देश आगे नहीं बढ़ा है, मैं ऐसा नहीं मानता हूं। लेकिन जहां तक हमें आगे बढ़कर जाना चाहिए था, उतना शायद हम आगे नहीं बढ़ पाए हैं। कहां से हमारा देश आगे बढ़ पाएगा? अंग्रेज चले गये मगर अंग्रेजों की जो शिक्षा पद्धति थी, उसी शिक्षा पद्धति को आज भी हम अपने देश में कायम रखे हुए हैं। वर्ष 1836 में लेडी माइकिल ने शिक्षा पद्धति बनाई थी।...(व्यवधान)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : सभापति जी, यह जो उत्तर प्रदेश में बम बलास्ट हुए हैं, सरकार की तरफ से कोई सूचना देने का प्रबन्ध किया जाए क्योंकि बहुत भयंकर तीन स्थानों पर एक साथ अदालतों के अंदर बम बलास्ट हुए हैं और काफी लोग उनमें हताहत हुए हैं। इसलिए सरकार की तरफ से कोई आकर सदन को सूचना दे।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : मल्होत्रा जी, आप पुराने सदस्य हैं। आप डिप्टी लीडर हैं। आप किसी नियम के तहत उठाएंगे तो सरकार आएगी। आपको अवसर मिलेगा।

...(व्यवधान)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : बहुत ही गंभीर घटना हुई है। सरकार की तरफ से किसी को यहां आकर सूचना देनी चाहिए। ये मंत्री जी बैठे हैं। ये जाकर होम मिनिस्टर से कहें कि आप सूचना दें।...(व्यवधान)

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर): सभापति महोदय, अनेक अवसरों पर ऐसी परम्पराएं बन गई हैं कि इस प्रकार की कोई घटना घटित होती है तो सदन को जानकारी देने के लिए सरकार द्वारा...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप जानकारी के लिये सरकार को बाध्य नहीं कर सकते। सरकार को भी जानकारी हासिल करनी होगी।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : सारे चैनल्स पर आ रहा है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : सरकार जानकारी हासिल करेगी तभी तो सदन को बता सकती है। कृपया आप अपना स्थान ग्रहण करें।

श्री राम कृपाल यादव : सभापति महोदय, मैं बता रहा था कि आज भी शिक्षा की वही व्यवस्था 1836 की व्यवस्था लागू है। हर पोलिटिकल पार्टी के लोग अपने एजेण्डा में शिक्षा को प्राथमिकता से रखते हैं। आजादी के बाद कई दलों की सरकारें बनीं, मगर अपने वायदे के अनुसार आम जन तक शिक्षा की व्यवस्था वे नहीं करा पाई, मैं इस बात को स्वीकारता हूं।

जो संकल्प मैं लाया हूं, इसे मैं मजबूरी में लाया हूं। उच्चतर माध्यमिक स्तर तक नःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का यह विधेयक तो मैं मजबूरी में लाया हूं, इसकी आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिए थी। आजादी के बाद जिन लोगों के कन्धों पर देश की तरक्की के लिए, देश में साक्षरता हो, देश की गरीबी और फटेहाली दूर हो, अशिक्षा दूर हो, जिनके कन्धों पर यह भार था, शायद वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर पाये, जिसके कारण आज भी बड़े पैमाने पर देशवासी अशिक्षित हैं। कई प्रदेशों में तो हालात और भी खराब हैं। मैं इस बात को स्वीकारता हूं कि कई प्रदेशों में अनवरत प्रयासों के कुछ नतीजे आये हैं, मगर कई ऐसे बड़े प्रदेश हैं, जिस प्रदेश से मैं स्वयं आता हूं, बिहार और बगल का प्रदेश उत्तर प्रदेश, खास तौर से कई बड़े और गरीब प्रदेश हैं, जैसे उड़ीसा, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि, इन सब प्रदेशों के हालात ठीक नहीं हैं। इसका मूल कारण यह है कि स्कूलों को हम लोगों ने खोला जरूर, स्वीकृति जरूर की, मगर आज भी आजादी के 60 वर्षों के बाद भी कई ऐसे स्कूल मिलेंगे, जहां आज भी बच्चे ठीक से पढ़ नहीं पाते। खास तौर पर गांव के परिवेश में रहने वाले गरीब तबके के लोगों को जो बच्चे हैं, चाहे वे किसी भी जाति और सपूदाय के लोग हों, उनकी शिक्षा की व्यवस्था ठीक नहीं है। आप किसी स्कूल में चले जाइये, वहां व्यवस्था पूरी तरह से ठीक नहीं है। आज भी देश में आपको हजारों स्कूल ऐसे मिलेंगे, जो भवनविहीन हैं, पेड़ के नीचे हैं और बच्चे स्कूल में पढ़ने का काम कर रहे हैं।

मैं भी इस व्यवस्था से अपने को सम्बद्ध करता हूं, क्योंकि मैं भी सरकारी स्कूल में पढ़ा हूं। मैं पटना शहर से जुड़ा हुआ हूं। जिस वक्त मैं प्राथमिक स्कूल में पढ़ता था, मैं समझता हूं कि आप और सदन के कई माननीय सदस्य भी उसी तरह के स्कूल में पढ़े हैं, जो सरकारी स्कूल चलाये जा रहे हैं, क्योंकि हम गरीब और पिछड़े परिवार से आते हैं और हमारे जैसे परिवारों के पास इतना धन नहीं है, जिसके कारण उनके बच्चों को अच्छे स्कूलों में पढ़ने का मौका नहीं मिलता है। निजी स्कूलों में व्यवस्था तो अच्छी है, लेकिन गरीब आदमी अपने बच्चे को उनमें नहीं पढ़ा सकते।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : पटना में सेंट जेवियर स्कूल भी है।

श्री राम कृपाल यादव : सेंट जेवियर स्कूल तो पटना में है, लेकिन राम कृपाल यादव जैसे लोगों को ऐसे स्कूलों में पढ़ने की इजाजत नहीं है।

मैं आपको बता रहा था कि जिस स्कूल से मैं शिक्षा ग्रहण करके आया हूं, वह हमारे घर के पास का ही स्कूल है। अब भी वह स्कूल वहीं अवस्थित है। वह सरकारी स्कूल था, पेड़ के नीचे हमें वहां पढ़ना पड़ता था, क्योंकि उस स्कूल में भवन नहीं था और बट्टी बोरा हम लोग ले जाते थे और उस पर बैठकर पढ़ने का काम करते थे।

दो तरह की व्यवस्था इस देश में है। शहर की बात मैं बोल रहा हूं, गांव की बात छोड़िये। मैं बता रहा था कि आज भी हजारों स्कूल ऐसे हैं, जहां की स्थिति बहुत खराब है। बहुत से स्कूलों में तो आज भी बिल्डिंग नहीं है। अगर बिल्डिंग है तो उसकी हालत देखिये, चारों तरफ से लगी हुई दीवार है, मगर उसके ऊपर छत नहीं है। कहीं छत और दरवाजे हैं तो उसके दरवाजे और खिड़की गायब मिलेंगे। कहीं दीवार और छत सब हैं तो ब्लैकबोर्ड नहीं मिलेगा। यह वस्तु-स्थिति है। इस बात को आप स्वीकारेंगे, क्योंकि आप भी उसी बैकग्राउंड से आते हैं, गांवों के परिवेश से आते हैं। सब कुछ अगर मिल जाएगा, तो टीचर्स गायब हैं। ऐसे स्कूल में बच्चे कैसे पढ़ पाएंगे? आज मैं उन बच्चों की हालत आपको बताना चाहता हूं। उनके संबंध में एक सर्वेक्षण रिपोर्ट आयी है। उसके आधार पर प्राथमिक स्कूल में जो बच्चे पढ़ते हैं, उनकी स्थिति यह है जो पांचवीं कक्षा के बच्चे हैं, उनमें 55 फीसदी बच्चे ऐसे हैं, जो साधारण सवाल हल नहीं कर पा रहे हैं, यह सरंक्षण रिपोर्ट है। इसे एक प्राइवेट संस्थान ने लोगों के बीच में घूम-घूमकर, जो गांव में बच्चे पढ़ रहे हैं, उन्होंने उनकी रिपोर्ट तैयार की है।

महोदय, यह विचित्र स्थिति है। यही नहीं, करीब 47 फीसदी बच्चे ऐसे हैं, जो सही तरीके से किताब भी नहीं पढ़ सकते हैं। यह व्यवस्था है। इस देश में अमीरों के लिए अलग व्यवस्था और गरीबों के लिए अलग व्यवस्था है। गरीबों को तो उन्हीं स्कूलों पर निर्भर रहना पड़ता है। गरीब के बच्चे आखिर कैसे आगे बढ़ पाएंगे? हमें संवैधानिक अधिकार मिला हुआ है। यह हमारे संविधान में है। संविधान के आर्टिकल 14, 15 और 16 का अवलोकन किया जाए, तो स्पष्ट रूप से आपको लगेगा कि संविधान की जो अधिकार प्रदत्त शक्ति हम लोगों को है, उसके अनुसार सरकार कार्यवाही नहीं कर पा रही है। शिक्षा की समान व्यवस्था नहीं हो पायी है। अगर शिक्षा की समान व्यवस्था नहीं हो पाएगी, तो इस देश की पचहत्तर प्रतिशत आबादी कैसे आगे बढ़ पाएगी? वे कहते हैं कि गरीब के बच्चे अच्छी तरह से नहीं पढ़ते हैं। गरीब का मतलब सभी जाति और धर्म के बच्चों के बारे में मैं बोल रहा हूं। गांव में गरीबी है, तो केवल शेडयूल कास्ट, शेडयूल ट्राइब और ओबीसी के लिए नहीं है, जो सवर्ण जाति के जो बच्चे हैं, उनकी भी हालत वही है। उन लोगों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। जब तक इस देश में भेदभाव होता रहेगा, दो तरह की नीतियां चलती रहेंगी, तब तक इस देश की तरक्की संभव हो ही नहीं सकती है। एक कान्वेंट में पढ़कर जाएगा और दूसरा बिना मास्टर के पढ़े हुए बच्चे आएंगे, ऐसी स्थिति में कहां से दोनों में समानता आएगी, कैसे वे गरीब गांव के बच्चे विकसित हो पाएंगे, कैसे वह गांव तरक्की कर पाएगा, कैसे देश की 75 प्रतिशत आबादी तरक्की कर पाएगी? जो शिक्षा व्यवस्था है, मैं समझता हूं कि धीरे-धीरे शिक्षा पर निजी स्कूलों, निजी व्यक्तियों और निजी संस्थाओं का वर्चस्व कायम होता जा रहा है।

सभापति महोदय : रामकृपाल जी आप एक मिनट के लिए रूकिए। माननीय उपनेता मल्होत्रा जी ने कुछ विशेष जानकारी सरकार से मांगी थी। सरकार ने उत्तर प्रदेश के संबंध में शायद कुछ जानकारी प्राप्त की है। सरकार अगर जानकारी देना चाहे, तो दे सकती है।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI B.K. HANDIQUE): Mr. Chairman, Sir, I had a talk with the hon. Home Minister. He said that he is collecting the information. As soon as he completes collecting the information, he will share it with the hon. Members of the House. ...(*Interruptions*)

सभापति महोदय : विपक्ष के नेता को बोलने दीजिए।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी (गांधीनगर) : महोदय, आपका कहना सही है कि वे जानकारी करके देंगे, लेकिन कल और परसों शनिवार, इतवार है। दो दिन सदन का अवकाश रहेगा, इसलिए मेरा निवेदन है कि आज हाउस एडजर्न होने से पहले जितनी जानकारी मिल सके, वह सदन को देनी चाहिए।

सभापति महोदय : ठीक है। अगर सरकार को जानकारी प्राप्त हो जाए तो सरकार कोशिश करे कि सदन समाप्त होने से पहले जानकारी दे। हम चेयर से सरकार को बाध्य नहीं कर सकते, लेकिन सरकार देना चाहे, तो दे।

SHRI B.K. HANDIQUE: He cannot give the information based on the reports given by the television channels.

MR. CHAIRMAN: You should collect the information as soon as possible.

श्री राम कृपाल यादव : महोदय, मैं बता रहा था कि दो तरह की शिक्षा व्यवस्था है। धीरे-धीरे जो प्राइवेटाइजेशन का जोर चल रहा है, उसमें निजी शिक्षा में संस्थायें काम कर रही हैं, उसमें पढ़ाई का स्टैंडर्ड ठीक है। हमारे यहां गरीब तबके के जो बच्चे हैं, जो हमारे गांव में सरकारी स्कूलों में 6 वर्ष की उम्र में जाते हैं और जो सामर्थ्यवान व्यक्ति या परिवार हैं, वे अपने बच्चों को दो से तीन वर्ष में स्कूल भेज देते हैं। वे छ: साल की उम्र में तीन क्लास पास करके एलकेजी में चले जाते हैं। उनकी पढ़ाई की रूचि दो-ढाई वर्ष के बाद ही प्रारंभ हो जाती है। उनके पास खिलाने की व्यवस्था, पढ़ाने की व्यवस्था है, जबकि हमने छठी कक्षा में जाकर ए,बी,सी,डी पढ़ना शुरू किया था। हम कहां से उनका कम्पैरीज़न कर पाएंगे?

15.45 hrs. (Shri Varkala Radhakrishnan in the Chair)

सैंट माइकल और सैंट ज़ेवियर्स के विद्यार्थियों की तुलना में हमारी पढ़ाई इसीलिए पीछे रह जाती है। यही व्यवस्था है। गांवों से क्वालिटी कैसे निकल सकती है। गांवों से क्वांटिटी निकल सकती है लेकिन क्वालिटी नहीं निकल सकती। हर व्यक्ति इतना सामर्थ्यवान नहीं है कि वह अपने बच्चे को कौन्वेंट स्कूल में भेज सके। मैं समझता हूं कि पढ़ाई की इस दुंगी नीति को समाप्त करना पड़ेगा। एक तरह का सिलेबस करने की आवश्यकता है, एक तरह का माहौल बनाने की जरूरत है। इस वजह से दिनोंदिन ऊंच और नीच की खाई बढ़ती जा रही है। जब तक हम इस खाई को पाटने का काम नहीं करेंगे, शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाएगी। अब तो दुनिया में कम्पीटिशन हो गया है। सिर्फ क्वांटिटी से काम नहीं चलेगा, क्वालिटी निकालनी पड़ेगी, तभी वे बच्चे कम्पीट कर सकते हैं, आगे बढ़ सकते हैं। उन्हें तभी अवसर मिल सकता है।

मैं मानूंगा कि आज इस देश में दस प्रतिशत ऐसे लोग होंगे जो सामर्थ्यवान हैं। वे अपने बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था कर सकते हैं क्योंकि उनके पास पैसा है। जिन लोगों के पास पैसा नहीं है, वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पाते। गांवों में गरीब तबके के लोग ही रहते हैं, उनके पास पैसा नहीं है इसीलिए वे सरकारी स्कूलों पर डिपैंडैंट हैं। वैसे मैं यूपीए सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं कि कि उन्होंने शिक्षा पर विशेष जोर देने का काम किया है। सर्व शिक्षा अभियान चलाया गया है, स्कूलों में भवन निर्माण के लिए पैसा दिया जा रहा है, टीचर्स की बहाली के लिए पैसा दिया जा रहा है। लेकिन राज्यों के स्तर पर सर्व शिक्षा अभियान के लिए दी गई राशि का सही इस्तेमाल नहीं हो रहा है। अच्छी क्वालिटी के टीचर्स की बहाली नहीं हो पा रही है। हम कौन्ट्रैक्ट बेसिज पर शिक्षकों की बहाली कर रहे हैं। उनकी गुणवत्ता ठीक नहीं है। यदि शिक्षकों में गुणवत्ता नहीं रहेगी तो क्या वे बच्चों को पढ़ा पाएंगे? यह बिल्कुल सही है। कई माननीय सदस्य इस बात

का अहसास भी करते होंगे कि इन दिनों सर्व शिक्षा अभियान के तहत जिन शिक्षकों की बहाली हो रही है, वे बच्चों को ठीक ढंग से पढ़ा नहीं पा रहे हैं। हमारे यहां एक पॉलिसी बनाई गई है जिसमें 60 वर्ष के शिक्षक, जो रिटायर हो चुके हैं, उनकी भी बहाली हो गई है। वे बच्चों को क्या पढ़ा पाएंगे? उन्हें अपना पढ़ा हुआ भूल गया होगा क्योंकि उन्हें प्रैक्टिस नहीं रही। उनकी बहाली इसलिए हो गई क्योंकि वे बीएड और एमएड पढ़े हुए हैं। इस तरह के शिक्षकों से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। विडंबना है कि लोग अपनी नीतियां बनाते हैं, लेकिन उन नीतियों का असर देश के अवाम पर पड़ रहा है। पहले भारत सरकार राज्य सरकारों को जो 75 प्रतिशत भाग दिया करती थी, अब उसमें कटौती कर गई है। अब 50 प्रतिशत दिया जा रहा है जिससे राज्य सरकार की आर्थिक बदहाली रहती है। इसलिए राज्य सरकार सक्षम नहीं है। बहुत से ऐसे राज्य हैं और मैं समझता हूं कि ऑलमोस्ट सारे राज्य ऐसे हैं जिनके पास अपने सीमित साधन हैं। जब तक केन्द्र सरकार का उनको सहयोग नहीं मिल पायेगा तब तक वे काम नहीं कर पायेंगे।

यह बात सही है कि भारत सरकार शिक्षा पर जो राशि इन्वेस्ट कर रही है, उसे बढ़ाने का उसने निर्णय किया है। सरकार ने पिछली बार भी बजट में इस राशि को बढ़ाने का काम किया है। हमे लगता है कि इस बार के बजट में भी, योजना आयोग के समीप जो बातें आयी हैं, उससे लगता है कि भारत सरकार इस मूड में है कि वह शिक्षा पर और राशि आवंटित कर पायेगा ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। जब तक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार नहीं होगा तब तक हम और देश आगे नहीं बढ़ सकता। हमने शिक्षा में सुधार करने के लिए जो प्रयास किये हैं, उसमें हमें बहुत सफलता तो नहीं मिली है, लेकिन मैं समझता हूं कि इससे हम थोड़ा आगे बढ़ रहे हैं। अभी सन्तोषजनक नतीजे नहीं निकल पा रहे हैं। इसके लिए समाज के हर तबके के लोगों को इसमें लगना पड़ेगा। समाजसेवी, अधिकारी, पदाधिकारी, शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी आदि हर तबके के लोगों को इसमें लगना पड़ेगा तभी हमारे यहां शिक्षा में सुधार आ सकता है और इसकी गुणवत्ता बढ़ सकती है। हमारे पुरखों जिन्होंने आजादी की लड़ाई में लड़कर अपने आपको समाप्त करने का काम किया, उन्होंने एक सपना देखा था। मैं समझता हूं कि जब तक सब लोगों का इसमें सहयोग नहीं मिलेगा तब तक हम शिक्षा के स्तर को सुधार नहीं सकते। आजादी के बाद हमारा जो सपना रहा है कि गांव-गांव तक शिक्षा पहुंचे और देश के हर नागरिक को हम शिक्षित कर सकें, वह सपना भी पूरा नहीं हो सकता। केवल सरकार के चाहने से यह काम संभव नहीं है। मैं इस संबंध में कुछ आंकड़े प्रस्तुत करना चाहूंगा। सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2005 में छः से चौदह साल तक के स्कूल जाने वाले बच्चे जो ड्रापआउट हुआ करते थे, उनकी संख्या में सुधार हुआ है। वर्ष 2001 में 28.5 परसेंट बच्चे, जिनकी संख्या छः से चौदह साल तक की थी, वे स्कूल नहीं जा पाते थे। अब उनकी संख्या घटकर 6.94 परसेंट हो गयी है। इसमें प्रोग्रेस हो रही है। वर्ष 2001 में शैडयूल कास्ट्स और शैडयूल ट्राइब्स के 20.73 बच्चे स्कूल नहीं जा पाते थे लेकिन अब उनकी संख्या घटकर 16.2 परसेंट हो गयी है। मैं समझता हूं कि सरकार ने इसमें जो पहल की है, उसके अनुसार हम निश्चित तौर पर आगे बढ़ रहे हैं। इससे हमें सन्तोष नहीं होगा। देश की आर्थिक व्यवस्था पर हर चीज असर करती है। पिछड़ापन और गरीबी भी इसका कारण है। जब तक हम पूरी तरह से साक्षर नहीं हो जाते तब तक हम आगे बढ़ने का सपना सोच ही नहीं सकते।

मैं समझता हूं कि इस पर हमें निश्चित तौर पर एक प्रयास करने की आवश्यकता है। संविधान में हमारी जो प्रदत्त शक्ति है, हमें जो अधिकार प्राप्त हैं, उसके अनुसार अगर हम पूरी ईमानदारी के साथ इस देश को आगे बढ़ाने का काम करें, तो कुछ हो सकता है। अब नीतियों तो बनती रहती हैं लेकिन नीयत ठीक होनी चाहिए तभी नीति का असर सरजमीं पर हो सकता है।

महोदय, बातें तो बहुत कही जाती हैं, मगर जब तक वह बातें लागू नहीं होंगी तब यह सब बेकार हो जाता है। इस देश में आजादी के बाद से अब तक सभी सरकारों ने बहुत खूबसूरत नीतियां बनाने का काम किया, लेकिन नीयत ठीक नहीं रही। इसकी वजह से आजादी की 60 वर्ष बाद भी गांवों में अनेक ऐसे परिवार और बच्चे हैं, जो पढ़े-लिखे नहीं है। इसका एक कारण गरीबी भी है। आज गांव में मां-बाप बच्चों को स्कूल न भेजकर काम करने के लिए भेज देते हैं। यदि उनको दो वक्त की रोटी मिल जाती तो शायद यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। हमने देखा है कि भारत सरकार ने दोपहर में बच्चों को मुफ्त भोजन देने की व्यवस्था की है, उससे बच्चों में शिक्षा के प्रति आकर्षण बढ़ा है, बच्चे स्कूल तो जाते हैं, लेकिन वहां जाकर वे पढ़ नहीं पाते हैं। इस स्थिति में भी सुधार की आवश्यकता है। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं। दोपहर भोजन की यह जो व्यवस्था है, उसमें आम तौर पर यह देखा जाता है कि स्कूलों में पढ़ाई न करके, मास्टर और बच्चे खिचड़ी बनाने में लग जाते हैं। इसके दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं, इसमें सुधार की आवश्यकता है। जब तक इसमें सुधार नहीं होगा, तब तक आप जो राशि खर्च कर रहे हैं, मैं जानता हूँ कि आपका मन और दिल साफ है, उसका सही असर नहीं हो पा रहा है। मैं समझता हूँ कि इसके बारे में आप कुछ सोचेंगे और वैकल्पिक व्यवस्था करेंगे। यह बेहतर होगा कि हम बच्चों को खाना भी खिला दें और उनको पढ़ाई से भी वंचित न होना पड़े। दूसरी समस्या यह है कि हमारे यहां अवेयरनेस की कमी है। यह बात भी सही है कि पिछले कुछ वर्षों में इस दिशा में प्रयास हुए हैं, जैसा कि मैंने बताया कि बच्चों और उनके गार्जियन्स में भी अपने बच्चों को पढ़ाने के प्रति जागृति और उमंग आई है। मैं समझता हूँ कि इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं, लेकिन इससे अपने आप को खुश कर लेना ठीक नहीं होगा। इस व्यवस्था में और सुधार करने की जरूरत है। इस दिशा में जब तक और अधिक प्रयास नहीं किए जाएंगे तक तक नतीजा निकलकर सामने नहीं आएगा और हमारे जो मूल उद्देश्य हैं, हम उनसे वंचित रह जाएंगे। मैं यह निवेदन करूंगा कि सभी के लिए शिक्षा व्यवस्था समान हो। हमारे यहां जो अमीरों के लिए अलग व्यवस्था और गरीबों के लिए अलग शिक्षा व्यवस्था है, उसे दुरूस्त करना होगा, असमानता को दूर करने का काम कीजिए, सभी के लिए एक तरह की नीति बनाएं और गांवों एवं घरों में, जहां अभी तक शिक्षा की रोशनी नहीं पहुंची है, इस संकल्प के साथ आप जाएं। निश्चित तौर पर अगर इसे सही मन से ले जाएंगे तो इसका प्रभाव पड़ेगा और हम, आप और सभी लोगों के प्रयास से यह काम होगा। यह संकल्प इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जब तक हम हायर सेकेण्डरी तक की कक्षाओं के लिए पूर्णरूपेण निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था नहीं कर पाते हैं, तब तक देश के विकास के लक्ष्य को हम एचीव नहीं कर पाएंगे, गांवों में बच्चों को पढ़ा नहीं पाएंगे। जो व्यक्ति दो टाइम की रोटी का व्यवस्था नहीं कर पाता है, वह अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल कैसे भेज पाएगा और निजी एवं अच्छे स्कूलों में पढ़ने के लिए भेजने की बात तो बहुत दूर है। यह हमारा नैतिक दायित्व बनता है और इसके लिए हमे संवैधानिक अधिकार प्राप्त है कि हम उन्हें निशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था करें, इसीलिए मैं यह संकल्प सदन के समक्ष लाया हूँ। स्कूलों में जब तक पहली कक्षा से लेकर हायर सेकेण्डरी तक समान और निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था दुरूस्त नहीं हो सकती है और हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। मैंने देखा कि इस देश की महिलाओं में, जो कि देश की आबादी का आधा हिस्सा है, शिक्षा का बहुत अभाव है।...(व्यवधान)

श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) : महोदय, क्या माननीय सदस्य के बोलने के लिए कोई समय-सीमा नहीं है, वह पिछले काफी समय से बोल रहे हैं। ...(व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव : यदि माननीय सदस्य सुनना नहीं चाहते हैं तो मैं बैठ जाता हूँ।

MR. CHAIRMAN : Please conclude. You have taken much more time.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You have covered all the points. Please conclude.

16.00 hrs.

श्री राम कृपाल यादव : सभापति महोदय, मैं अपनी बात समाप्त करने ही जा रहा हूं। मैं कह रहा था कि निश्चित तौर पर सदन को और सरकार को मेरे इस संकल्प को मानना चाहिए। हमारे पुरखों ने समतामूलक समाज की परिकल्पना की थी इसलिए हमें अपने देश में गरीबी और फटेहाली को देखते हुए समान शिक्षा की व्यवस्था भी करनी चाहिए। इसके लिए प्राइमरी स्कूल से लेकर हायर सेकंड्री स्कूल तक की परीक्षा की नःशुल्क व्यवस्था करनी चाहिए, तब ही हम अपने संविधान की मूल भावना के तहत हर व्यक्ति को संवैधानिक अधिकार दे सकते हैं। जब तक देश शिक्षित नहीं होगा, वह आगे नहीं बढ़ पाएगा और गरीबी तथा बदहाली दूर नहीं हो पाएगी। इसलिए मैं सदन से और सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि मेरे इस संकल्प पर अपनी मोहर लगाएं और नःशुल्क शिक्षा तथा समान शिक्षा देने की व्यवस्था कराएं।

MR. CHAIRMAN : The hon. Home Minister will make a statement now.

---

* Placed in Library. See No. LT 7301/2007

16.11 hrs.

SHRI J.M. AARON RASHID (PERIYAKULAM): Sir, I rise to support this Resolution for Free and Compulsory Education up to Higher Secondary Level. In our country, even after 60 years of Independence, literacy level in SC, ST and minority communities has not improved. We need to educate them. Even after Independence, still literacy level in the whole country has not even touched 25 per cent. In the whole country, only the Southern States, particularly Kerala, Tamil Nadu and Karnataka are doing well in the field of education.

I would like to speak about the establishment and functioning of the elementary schools that now-a-days are coming

up like mushrooms. My humble opinion is that the schools with all fundamental facilities only should be recognized. Once the recognition is granted it can be renewed once in three years after careful inspection. The inspection team having members should be constituted not only by DEO but also by other faculty sides. All professional fields should serve the mother country particularly to improve education so that the performance of the schools in terms of education will improve. Uniform salary must be given to the teachers. The newly coming up schools are squeezing money from the people. They are not only interviewing the students, they are also interviewing the parents. Why should they interview the parents? When Rajaji was there, he used to say *'kulakkalvi'* that means what work father is doing, the same work son has to do. In the same way, the upcoming schools are squeezing the parents and they are interviewing the parents to extract more money from them to admit their children in the schools. For rural, semi-urban, urban and for all self financing institutions, uniform eligibility criteria must be fixed for all the schools throughout India. The difference between the State Board and the CBSE Syllabus should be minimized. The education related to discipline and behaviour should get its role which is getting diminished now-a-days. Carrying huge volume of books to home and written work to children up to fifth standard should be prevented. Mentioning caste in transfer certificate can be eliminated to prevent discrepancies among students in the class room. The scheme of examination can be modified by providing or increasing the subject contents which the students are able to grasp easily. During examination, the books can be provided for reference. Unless one is thorough with the subject, he is unable to score more marks. The type of questions can be objective and of creativity to make their own sentence by referring the books while writing the examination. Percentage of marks to undergo professional courses should be minimized. A university for physical education should be established. In sports, India is lagging behind. Zonal-wise, we have to develop and encourage the students enthusiastically so that we can make out efficient players which would pave way to achieve and shine internationally in sports.

A university for all minority education institutions should be established which can grant recognition for such minority institutions which can inspect the academic progress of the minority welfare. Sir, Headmasters' meet at the district, State and national levels must be conducted to discuss about improvement and implementation of new aspects in academic education and administration.

In one class, now-a-days there are 50 to 100 students. The class teacher has to call each student by name. In foreign countries, each class has 25 students only so that the teacher can identify each student by name.

In villages, there are schools with one teacher and one Headmaster. Village schools have not been supervised properly by the District Education Officers. Many schools in the hill stations are running some days without even teachers. Students are taking attendance. It is a pitiable thing. Teachers are absent many days. Teachers are not taking classes, and if they do come to the school, they take classes in the shades of trees. Students are sitting in the sand. The Scheme of our UPA Government, *Sarva Siksha Abhiyan*, is doing well. Still we have to bring much more schemes to build perfect classrooms and also to give training to teachers to conduct classes.

The Central Government has to ensure proper and compulsory education to minorities, Scheduled Castes and Scheduled Tribes. We have to give education more particularly to rural poor masses. At least in the rural and urban areas, we have to start new schools which can boost the rural students and rural poor masses.

Sir, I once again congratulate the UPA Government under Shrimati Sonia ji's able guidance taking care of the rural masses by way of giving good education.

With these words, I conclude my speech.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर): माननीय सभापति महोदय, माननीय राम कृपाल यादव जी द्वारा प्रस्तुत संकल्प जो हायर सैकेंडरी स्कूल की शिक्षा तक नःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने के संबंध में है, सदन चर्चा कर रहा है। हम सब जानते हैं कि देश में नःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने की महती आवश्यकता है। देश की आजादी के बाद लगातार जो भी सरकारें राज्यों या केन्द्र में रही, शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए निरन्तर प्रयास करती रही लेकिन आज हम शिक्षा की दृष्टि से देश का परिदृश्य देखते हैं तो ऐसा लगता है कि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। जब दूसरे देशों की तुलना करते हैं और अपने देश की तुलना करते हैं तो पाते हैं कि देश में शिक्षा की बहुत जरूरत है। इतना ही नहीं साक्षरता के प्रतिशत में भी वृद्धि की आवश्यकता है। 2001 की जनगणना के मुताबिक देश में साक्षरता का प्रतिशत लगभग 64 है और उसमें भी महिलाओं की साक्षरता का प्रतिशत चिन्ताजनक है। हम साक्षरता के प्रतिशत की बात करते हैं तो उसमें से अर्थ निकलता है कि बहुत से लोगों को अक्षर ज्ञान होता है, वह अ, आ, ई से लेकर बारहखड़ी तक के अक्षर पहचान सकते हैं और अटक-अटक के पढ़ सकते हैं। समाचार पत्र पढ़ते भी हैं तो उसमें वाक्यों, शब्दों का क्या अर्थ है, वह ठीक से नहीं जानते हैं। इस प्रकार की साक्षरता का प्रतिशत हमारे देश में यह है। हम सब इस बात से भी सहमत हैं कि देश को विकसित देश बनाने के लिए देश में शत-प्रतिशत साक्षरता की आवश्यकता है और केवल मात्र साक्षरता ही नहीं गुणवत्तायुक्त पढ़ाई की भी आवश्यकता है।

देश की आजादी के बाद जब भारत के संविधान का निर्माण करने की बात आई तो संविधान सभा का गठन हुआ। संविधान सभा ने संविधान बनाया और जब

संविधान लागू हुआ तो अनुच्छेद 45 जो नीति निदेशक तत्वों के दायरे में आता है, उसमें 14 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य और नःशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था करने का प्रावधान किया गया।[a29]

आजादी के बाद लंबे वर्षों तक केंद्र में सरकार रही और राज्यों में भी सरकार रही है किंतु संविधान में लिखे हुए अनुच्छेद 45 के अनुपालन में कुछ विशेष प्रयास नहीं किए गए। साक्षरता के प्रचार-प्रसार के लिए, पढ़ाई की व्यवस्था के लिए बजट प्रावधान किया गया, योजनाएं बनाई गई और उन पर अमल करने का प्रयास भी किया गया लेकिन संविधान के अनुच्छेद 45 में जो लिखा गया था उस पर अमल करने का प्रयास ईमानदारी से नहीं हुआ। मैं इस अवसर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी और एनडीए सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने भारत के संविधान के अनुच्छेद 45, 21 और 51 में संशोधन किया और शिक्षा को मौलिक अधिकार का स्वरूप दिया। छठी कक्षा तक पढ़ाई की व्यवस्था राज्य सरकार के जिम्मे करने का निर्णय इसी आधार पर हुआ और सातवीं कक्षा से लेकर 14 वर्ष की उम्र के बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था केंद्र सरकार के माध्यम से की जाए, इस प्रकार का भी प्रावधान हुआ। जब संविधान में संशोधन किया तो उसका निष्कर्ष यह निकला कि गार्जियन, पेरेंट्स को भी दायित्व दिया और राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने दायित्व स्वीकार किया। अब सर्वशिक्षा अभियान योजना चली है, यह इसी संविधान संशोधन के बाद नःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने की नीयत से इसी सरकार ने बनाई है। सर्वशिक्षा अभियान योजना आज देश भर में लागू है जिसमें केंद्र सरकार पैसा देती है और राज्य सरकारें इस पर अमल करती हैं। परंतु जैसा कि यादव जी ने मध्याह्न भोजन के बारे में बताया, सर्वशिक्षा अभियान योजना की धनराशि से ज्यादातर स्कूल बनाना, कमरे बनाना फिर मध्याह्न भोजन की व्यवस्था करना इस तरह से ज्यादातर पैसा उसी में खर्च होता है और नःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने की जो मूल भावना है, मूल सोच है, उस दिशा में कुछ हो रहा है, ऐसा दिखाई नहीं दे रहा है। अब ये सब करने की आवश्यकता है। यादव जी ने हॉयर सैकेंड्री तक की बात कही है, वास्तव में उनकी इस सोच से मैं भी सहमति व्यक्त करता हूं, हम सामान्यतः 14 साल के बच्चे के लिए दसवीं कक्षा तक का मानदंड मान लेते हैं क्योंकि चार साल का होने पर प्रवेश मिलता है और 14 साल का दसवीं तक पढ़ता है लेकिन अगर यह हॉयर सैकेंड्री तक होता है तो अच्छी बात है और करना भी चाहिए।

मैं इस अवसर पर यह जरूर कहना चाहता हूं कि स्कूलों की हालत ठीक नहीं है, बैठने की व्यवस्था ठीक नहीं है। कहने के लिए तो नःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा कानून में हो गई है, मौलिक अधिकार के रूप में इसका प्रावधान संविधान में हो गया लेकिन अमल की स्थिति नगण्य है। सरकार को अमल करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की आवश्कता है, नहीं तो संवैधानिक व्यवस्था तो हो गई लेकिन अगर अमल नहीं हुआ तो शिक्षा के प्रचार-प्रचार में गरीबों को नःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने के कानून का कोई लाभ नहीं मिलेगा। अब कानूनी प्रावधान हो गया और इसके लिए कोई भी कोर्ट में जाकर मांग कर सकता है कि आपने नःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का वैधानिक प्रावधान किया है जो हमें नहीं मिल रही है इसलिए आप व्यवस्था कराएं लेकिन इतना झंझट कोई मोल नहीं लेता है, कोर्ट कचहरी में नहीं जाता है। सरकार को चाहिए कि नःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने की व्यवस्था ईमानदारी से लागू करे। अब हम देख रहे हैं कि शिक्षा के स्तर की सरकारी स्कूलों में दयनीय स्थिति है, ये हम सब जानते हैं और इसका उल्लेख राम कृपाल यादव जी ने भी किया है। निजी स्कूलों में बहुत ज्यादा फीस ली जाती है क्योंकि सुविधाएं अच्छी होती हैं, भवन अच्छे होते हैं और शिक्षा भी ठीक दी जाती है परंतु देश के लगभग 38 करोड़ गरीब परिवारों के बच्चे-बच्चियां उस प्रकार की शिक्षा से वंचित रहते हैं और उनको बाध्य हो करके शासकीय विद्यालयों में प्रवेश लेना पड़ता है।[r30]

महती आवश्यकता इस बात की है कि शासकीय विद्यालयों का स्तर ठीक किया जाना चाहिए। सारे देश में एक समान शिक्षा-पद्धति होनी चाहिए, पाठ्यक्रम भी एक प्रकार के ही होने चाहिए। ताकि अमीर का लड़का भी वही पढ़ाई करे, गरीब का लड़का भी वही पढ़ाई करे और जो अमीरी-गरीबी की खाई निरंतर बढ़ती जा रही है, वह कम हो और जो असमानता का वातावरण है, वह भी दूर हो। मैं समझता हूं कि इसके कारण अनेक फायदे होंगे। भेदभाव, छुआछूत, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब इस प्रकार भी जो भावनाएं लोगों में रहती हैं और शासकीय विद्यालयों में जो गरीब तबके के बच्चे पढ़ने जाते हैं, यदि वे यदा-कदा किसी अन्य स्कूल में चले जाएं तो धनाढ्य परिवार के बच्चे उन बच्चों के साथ वैसा व्यवहार नहीं करते हैं, जैसा भारत के संविधान में उल्लिखित हैं और जब हम इस प्रकार का व्यवहार देखते हैं तो समरसता का वातावरण नहीं बनता और समरसता का वातावरण नहीं बनता है तो इसके कारण देश की स्थिति अमन-चैन की स्थिति में परिवर्तित नहीं हो पा रही है। इस प्रकार की एक नहीं अनेकों समस्याएं हैं। इस दृष्टि से यह संकल्प निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है और इसकी भावना से मैं सहमति व्यक्त करता हूं। यदि सरकार स्वीकार करती है तो मैं सरकार को धन्यवाद भी देना चाहूंगा। परंतु जैसा अनिवार्य और नःशुल्क शिक्षा देने का कानून बना है, उस पर अमल नहीं हो पा रहा है, अगर वैसा ही इसका हश्र होगा तो फिर इस प्रकार का संकल्प पारित करने से भी कोई लाभ नहीं होगा। इसलिए इस संकल्प से सहमति व्यक्त करते हुए मेरा सरकार से अनुरोध है कि बजट में पर्याप्त प्रावधान करें और वास्तव में नःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने की व्यवस्था करें। आज नःशुल्क शिक्षा देने के नाम पर सरकारी विद्यालय वाले केवल ट्यूशन फीस नहीं लेते हैं, बल्कि बाकी जितनी भी गतिविधियां स्कूलों में होती हैं, उन सब गतिविधियों से लिए भी पैसा लेने का काम किया जाता है। निजी स्कूलों में ट्यूशन फीस भी लेते हैं, खेलकूद आदि गतिविधियों का शुल्क लेते हैं और अन्यान्य प्रकार का शुल्क भी लेते हैं। साइकिल स्टैंड, व्हीकल स्टैंड इस प्रकार की सुविधा यदि दी जा रही हैं तो उनका शुल्क भी लेते हैं। मैं समझता हूं कि अनेक शासकीय विद्यालयों में भी इस प्रकार की व्यवस्था है। अब केवल ट्यूशन फीस अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के बच्चों से नहीं ली जाती हैं, लेकिन बाकी सबसे ली जाती है। फिर 14 वर्ष तक के समस्त बच्चों को बिना किसी जाति भेदभाव के नःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने की व्यवस्था करने के प्रावधान का क्या हश्र होगा। अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के बच्चे और बच्चियों से केवल ट्यूशन फीस नहीं ली जाती है, बाकी अन्यान्य प्रकार की फीस लेने की व्यवस्था अगर उस स्कूल में है तो वह सब उनसे ली जा रही है। इस तरह से कुल मिलाकर परिणाम यह हो रहा है कि बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं। अब यह मौलिक अधिकार बनाया गया है, लेकिन इस मौलिक अधिकार के कारण भी अमल में कुछ कठिनाइयां आ रही हैं। बहुत से परिवारों में बच्चे-बच्चियों के माता-पिता बूढ़े हैं, अशक्त है, काम-धंधा नहीं कर पाते हैं। उनके पास पैसा नहीं है, इसलिए बच्चे पढ़ने नहीं जा सकते। अगर नःशुल्क पढ़ाई हो जाए तो घर में क्या खायें। इसलिए अनेकों ऐसे परिवारों में 14 वर्ष तक के बच्चे हैं, जिनकी गरीबी की हालत है, माता-पिता अशक्त स्थिति में हैं, काम-धंधा उनके पास नहीं है। इसलिए ऐसे बच्चे, जिन्हें स्कूल में जाना चाहिए, खेल के मैदान में होना चाहिए और भारत के भविष्य का निर्माण करने के लिए शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए, ऐसे बच्चे भी शिक्षा से वंचित होते हैं और फिर वे किसी न किसी काम-धंधे में लगते हैं तो इस प्रकार के 14 वर्ष तक के उम्र के बच्चों के लिए भी कहीं न कहीं व्यवस्था की जाए ताकि वह पढ़ सके और उसके परिवार के भरण-पोषण की दृष्टि से भी कोई न कोई व्यवस्था की जाए, तभी इस नियम का पालन हो पायेगा और तभी वे बच्चे पढ़ पायेंगे, अन्यथा नहीं पढ़ पायेंगे।

सभापति महोदय, वृद्धावस्था के लोगों के लिए पेंशन की व्यवस्था है। जितनी पेंशन उन्हें मिलती है, उसमें सुबह-शाम का खाना ही नहीं हो पाता है तो बच्चों को कहां पढ़ने भेजेंगे। अब वे बच्चों को पढ़ने के लिए नहीं भेज सकते हैं तो 14 वर्ष तक के बच्चों को पढाने के लिए उस कानून का पालन करने की दृष्टि से यदि उनके घर की हालत खराब है तो उनके घरवालों को भी किसी न किसी प्रकार की मदद की कार्य योजना भी सरकार के द्वारा बनाई जानी चाहिए। अन्यथा शिक्षा के क्षेत्र में भले ही मौलिक अधिकार बन गया हो, संविधान में संशोधन हो गया हो, परंतु उस पर अमल ठीक से नहीं हो रहा है। इन सब दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सरकार को कार्य योजना बनानी चाहिए। आज 11वीं पंच वर्षीय योजना जो अंतिम स्वरूप ले रही है, उसमें इसका समावेश करने की आवश्यकता है । जब तक देश में सौ प्रतिशत साक्षरता नहीं होगी, हम विकसित राष्ट्र का सपना तो जरूर देख सकते हैं, अन्य क्षेत्रों में विकसित जरूर हो सकते हैं परंतु अगर लिटरेसी की दृष्टि से

सौ प्रतिशत हमारे यहां साक्षरता हासिल नहीं होती है तो विकसित राष्ट्र में होना या न होना कोई बहुत ज्यादा महत्व रखेगा, ऐसा मैं नहीं मानता हूं। इसलिए मैं उनके संकल्प का समर्थन करते हुए सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि हायर सैकेंड्री स्कूल शिक्षा तक नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने के लिए जो भी आवश्यक प्रबन्ध करने चाहिए, उसे करे, बजट में प्रावधान करे, वार्षिक और पंचवर्षीय योजना में प्रावधान करे और एक लक्ष्य तय करके कार्य योजना बनाए तथा देश को शत प्रतिशत साक्षर बनाए।

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल): सभापति महोदय, संविधान में जैसा उल्लिखित है और यह प्रावधान भी है कि सबके लिए शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य की व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन आज इसका अगर हम मूल्यांकन करें और आजादी के 60 वर्ष के बाद हम खासकर शिक्षा के क्षेत्र में इसका मूल्यांकन करें क्योंकि इस सदन में कई बार इस पर चर्चा हो चुकी है लेकिन फिर भी स्थिति चिंताजनक है। आज मैं राम कृपाल यादव जी द्वारा हायर सैकेंड्री स्कूल तक अनिवार्य और नि:शुल्क शिक्षा देने के लिए संकल्प पेश किया गया है, उसका समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। हमें दिखाई देता है कि वाकई आज भी शिक्षा के क्षेत्र में हमें जितना विकास करना चाहिए, हम उतना विकास नहीं कर पाए हैं। समय समय पर सरकार ने भी अपने बजट में प्रावधान किया है कि 6 से लेकर 14 वर्ष तक की आयु तक के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देने का संकल्प हम ले चुके हैं और 2010 और 2012 तक इनकी कार्य योजना है। कहां तक इसमें कामयाबी हासिल हो पाएगी, यह कहा नहीं जा सकता।

जहां तक अनिवार्य शिक्षा और नि:शुल्क शिक्षा देने की बात है, जैसा कि अभी सम्मानित सदस्यों ने कहा है, यह बात सत्य है कि केवल भाषण, विचार, कागज और बजट में हम कर देते हैं लेकिन इसकी वास्तविकता अगर हमें देखनी है तो गांव में आप चले जाइए, वहां आपको सही रूप में जानकारी मिल जाएगी। जहां तक हमने देखा है कि सर्व शिक्षा अभियान में 10671 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और यह तभी संभव हो पाएगा कि जब केन्द्र और राज्य में समन्वय हो। बहुत से राज्य सर्व शिक्षा अभियान के लिए मांग करते हैं कि हमें धन दिया जाए। अभी शैक्षणिक विकास अनुदान दिया गया है, उसमें पूरी रिपोर्ट मैं देख रहा था। मेरा कहने का मतलब यह है कि इस बजट में 75 प्रतिशत केन्द्र सरकार देती है और 25 प्रतिशत राज्य सरकार को व्यवस्था करनी पड़ती है। यह बात सत्य है कि विभिन्न राज्यों की अपनी अलग-अलग परिस्थिति है। उसको देखते हुए हमें बाध्य नहीं करना चाहिए कि राज्य सरकार इस पर इतना अंशदान करे। अगर वहां साक्षरता नहीं है तो वहां पर अतिरिक्त धन देने की व्यवस्था हमें करनी चाहिए। अभी वर्ष 2007-08 में जो बजट का प्रावधान किया गया है और सर्व शिक्षा अभियान में यह देखा गया है कि हमारे उत्तर प्रदेश का जो अलग प्रदेश उत्तराखंड बना, वहां की स्थिति डगमगा रही है। मिड-डे मील में 3400 करोड़ की व्यवस्था वर्ष 2007-08 में की है। दिल्ली की सरकार ने 12वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए मिड-डे मील की व्यवस्था की [r31]है।

लेकिन देखा गया है कि आज भी भोजन करने के बाद 8 प्रतिशत बच्चे अपने घरों पर चले जाते हैं। यह बात सत्य है और कई माननीय सदस्यों ने भी कहा है कि यदि वास्तविकता की जानकारी लेनी है तो आप गावों में जाये और देखिये कि पूरे शिक्षा जगत से जुड़े हुये लोगों - शिक्षक, बच्चों - के लिये कमरे की व्यवस्था करा दी है, बर्तन और खाने बनाने वाले की व्यवस्था करा दी है लेकिन फिर भी शिक्षा जगत से लगे हुये पूरे लोग भोजन बनाने के काम में लग जाते हैं और बच्चे इधर-उधर टहलते रहते हैं। वे शिक्षा के लालच में नहीं आते बल्कि मिड डे मील के लालच में आते हैं। यही कारण है कि शिक्षक वहां बच्चों को शिक्षा नहीं दे पाते हैं। इसलिये इस बारे में गम्भीरता से सोचना होगा।

सभापति महोदय, शिक्षा विकास सूचकांक के अनुसार बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, उत्तर प्रदेश रैंकिंग में सब से नीचे हैं। इसलिये केन्द्र सरकार को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिये। इसी प्रकार शिक्षा विकास सूचकांक में केरल, दिल्ली, पुदुचेरी, चंडीगढ़ ऊपर हैं। हमें देखना पड़ेगा और जैसा कई माननीय सदस्यों ने भी कहा है कि विभिन्न प्रदेशों की अपनी-अपनी स्थिति और समस्या है। वर्ष 2006 के अनुसार स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या केवल 70 लाख है जबकि वास्तविकता कुछ और है। आप ग्रामीण क्षेत्रों में जाइये तो मालूम होगा कि बच्चों की स्थिति बहुत खराब है। सब से बड़ी चुनौती हमारे सामने एस. सी.,एस.टी. और मॉइनौरटीज़ के बच्चों की है। आप इन बच्चों की बस्ती में जाकर देखिये कि थोड़ा बहुत पढ़े हुये 5 साल की आयु के बच्चे खेलते रहते हैं। अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चे जहां अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं लेकिन शिक्षा उन्हें नहीं मिलती है और उन्हें रोज़गार के लिये भेज दिया जाता है। चूंकि यह उनकी सब से बड़ी समस्या है, इसलिये हमें इस चुनौती को स्वीकार करना चाहिये और एस.सी,.एस.टी. और मॉइनौरटीज के बच्चों को शिक्षा देने पर विशेष ध्यान देना चाहिये।.

सभापति महोदय, वर्ष 2006 में 2 लाख 40 हजार नये स्कूल खोले जाने की व्यवस्था की गई है। स्कूल चाहे कितने ही खोल दिये जायें लेकिन कोशिश यह होनी चाहिये कि कोई बच्चा बचने नहीं पाये जो शिक्षा से वंचित रह जाये। जब तक हम यह व्यवस्था नहीं करेंगे, तब तक हमारा यह अभियान बिलकुल कारगर नहीं हो पायेगा। सरकार ने एक लाख 57 हजार स्कूल भवनों के निर्माण की व्यवस्था की है और जहां अधिक बच्चे हैं, वहां 6 लाख 50 हजार कमरों की व्यवस्था की है। सरकार ने एक लाख 57 हजार स्कूलों के लिये पेयजल की व्यवस्था के लिये हैंडपम्प लगाये जाने के लिये लिखा है। लेकिन होता यह है कि बच्चे को प्यास लगी, वह पानी पीने के बहाने निकलता है और सीधा घर पहुंच जाता है और वापस पढ़ने के लिये नहीं आता है। जब मैं ग्रामीण क्षेत्रों में जाता हूं तो देखता हूं कि हैंड पम्प खराब पड़े हुये हैं। हर जगह पेयजल के लिये हैंड पम्प की व्यवस्था नहीं की गई है जब कि यह मूलभूत आवश्यकता है और यह सुविधा बच्चों को मिलनी चाहिये। इसे हम आज तक नहीं कर पाये, इसलिये इस ओर देखने की जरूरत है।

सभापति महोदय, सरकार ने स्कूलों में शौचालयों की व्यवस्था करने की बात बजट में कही है। आप देख रहे हैं कि एक अरब से ज्यादा की आबादी वाला देश बहुत पीछे है। इन मूलभूत सुविधाओं पर नज़र रखें। आपने जो आंकड़े प्रस्तुत किये हैं, उनके मुताबिक हम लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सके हैं। हमारा लक्ष्य पूरे राज्य में शिक्षा निशुल्क और अनिवार्य मिलनी चाहिये। जब तक बच्चों को हायर सैकण्ड्री और मिडिल तक शिक्षा नहीं दे पायेंगे, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पायेगी। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि आप केन्द्रीय विद्यालय खोल रहे हैं और उसके लिये जो आपने मानक रख दिया है, अगर वहां यह पूरा करता है तो केन्द्रीय विद्यालय ही खोल दीजिये। अगर सरकार को यह कार्य करना ही है तो मेरी गुजारिश है कि कम से कम ब्लॉक स्तर पर एक केन्द्रीय विद्यालय खोलिये। अगर यह नहीं हो सके तो तहसील स्तर पर खोले जाने की व्यवस्था की जाये। जो बच्चे गरीब हैं, एस.सी., एस.टी. और मॉइनौरटीज से बच्चे आते हैं, वे कम से कम केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर सकें, उसका लाभ उठा सकें।[s32]

आपने मानक में यह दिया है कि इतने केन्द्रीय कर्मचारी हों, इतने राज्य कर्मचारी हों, शहर से इतना नजदीक हो। इसे हमको ग्रामीण क्षेत्रों में भी ले जाना पड़ेगा, तभी जाकर हमारा यह अभियान पूरा हो पाएगा और हम सब को साक्षर बना पाएंगे।

मैं इन्हीं शब्दों के साथ भाई राम कृपाल यादव जी ने जो उच्चतर माध्यमिक स्तर तक नःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के संकल्प पर चर्चा का विषय रखा है, उसका पुरजोर समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

DR. K.S. MANOJ (ALLEPPEY): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me the opportunity to take part in this debate on the Private Members' Resolution moved by Shri Ram Kripal Yadav on a very important topic, that is, free and compulsory education up to higher education level. I congratulate Shri Ram Kripal Yadav for bringing this Resolution before this august House.

Education is an important tool in social change. If you look at various communities or societies which attained a high social status or development, you can see that those communities gave importance to education, and that is how their children have attained social development in their lives. Those societies that did not pay much attention to the education of children are lagging behind now. Therefore, education forms the cornerstone of social change or development of the society.

The forefathers of our country, when they formulated the Constitution, have mentioned in the Directive Principles that within ten years from the date of adoption of the Constitution, the State should provide free and compulsory education to children up to 14 years of age. After India became a Republic, more than five-and-a-half decades are over. If you look at the statistics concerning our nation, even after 60 years of our Independence, the literacy level in various States is not more than 50 per cent; if you talk about the country as a whole, the literacy rate is not more than 50 per cent.

There are variations in these statistics concerning various States because certain States, as our hon. Member has mentioned, especially southern States like Kerala, Karnataka and Tamil Nadu have attained very good literacy rates. It is because they have given more attention to start new educational institutions, to open more schools or colleges, and also, formal as well as informal educational facilities were there. In addition, Christian Missionaries have done a great job in the field of education and social service. They have started schools along with the Churches. So, the children belonging to not only the Christian community but also other communities got the opportunity to study and as a result, in all those places where the schools are there and where the children had the opportunity to study attained a higher social status.

Sir, we are now in the era of globalization. Societies are changing drastically as tremendous changes are occurring in the society. [r33] We should pay greater attention to the education of children. Children belonging to SCs, STs, OBCs and other socially and economically backward communities have not got enough schools to study in, schools with teachers and all other facilities which can identify the talents of children and nurture them. We have to pay more attention to our education system to ensure that children develop into all- rounded human beings.

Various types of educational systems exist in the country today. There is no uniformity across the country as far as educational systems and standards are concerned. There are Government schools, Government-aided schools, and the so-called public schools. Different sets of syllabus are prescribed by different Boards like CBSE, ICSE and other State Boards. So, there is no uniformity in the curricula for students also. The condition of Government schools in many cases is very pathetic. As Shri Ram Kripal Yadav has rightly pointed out, many Government schools do not even have a building and there is a serious lack of basic minimum facilities.

We all know of the fire accident that took place in a school in Kumbakonam in Tamil Nadu in which a large number of students lost their lives. This is the state of our schools in various parts of the country. Many public schools also do not have proper sanitation facilities. It has been pointed out that in certain States the high dropout rate of girl children is primarily due to a lack of proper sanitation facilities. We should see as to how we can provide these facilities in public schools also.

The guidelines prescribed under Sarva Shiksha Abhiyan are not suitable for development of Central schools. A study found out that spending the funds allotted under Sarva Shiksha Abhiyan is very difficult because of the guidelines prescribed for spending under that scheme. These guidelines should be amended to suit the specific needs of the States. Funds under this programme could be utilised for construction of classrooms, laboratories, libraries, and sanitation facilities. The scope of utilisation of funds under this scheme should be widened so that prompt and adequate utilisation of funds can be made.

Though the UPA Government has put more emphasis on education, even now public investment in education is meagre. We have imposed a certain percentage of education cess on income tax. That fund should be utilised for improving the state of education in the country. We should also increase public investment in education. Now, it is less than two per cent of the GDP. It should be enhanced gradually. We are in the process of formulating the 11^{th} Plan. In the 11^{th} Plan, we should enhance the public investment for education because education is a tool for social change and social development. More

emphasis should be given to provide more funds for education. Even though we are providing educational facilities to those belonging to SCs, STs, Backward Class communities, Adivasis, and people living in the coastal areas, they are not keen to come to the schools. There should be some means to attract students to the schools.

We have introduced the Mid-Day Meal Scheme for the students. In my State, we are giving lump sum grants to the students to those belonging to the coastal areas, that is, fishermen community, SCs and STs, as a means of promotion to attract students to the schools. In the majority of cases, these poor fishermen are not attending the schools. The education of children of these fishermen become a burden on the lives of their families. Most of the days of the year, fishermen do not have a catch. So, when there is a season, these children are also forced to go to the sea. They do not pay much attention to go to the school. In order to attract these children to go to the schools, Mid-Day Meal Programme, lump sum grants, certain scholarships would be of much help.

Even though `education' is in the Concurrent List, some States are providing these sorts of promotional facilities. The Central Government should think of giving some assistance to the States in providing lump sum grants, certain scholarships to the weaker sections of the society like SCs, STs, OBCs and socially and educational backward communities, and the children of the fishermen and Adivasis so that they are attracted to come to the school.

